# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी घटना, भौतिक परिवर्तन नहीं है?

**Ans**
✗ A. जल का क्वथन
✗ B. बर्फ का पिघलना
✓ C. मोमबत्ती का जलना
✗ D. जल का जमना

**Q.2** रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल की मुख्य विशेषता क्या है?

**Ans**
✗ A. इलेक्ट्रॉन, नाभिक के परितः कोशों में बद्ध रहते हैं।
✗ B. नाभिक में केवल ऋणात्मक आवेश वाले इलेक्ट्रॉन होते हैं।
✗ C. परमाणु पूर्ण रूप से एकसमान धनात्मक गोला है।
✓ D. परमाणु के केंद्र में एक सघन धनात्मक नाभिक होता है।

**Q.3** एक विशाल बांध के निर्माण का प्राथमिक लाभ निम्नलिखित में से क्या है?

**Ans**
✗ A. स्थानीय जैव-विविधता में तत्काल वृद्धि
✗ B. विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन
✗ C. सभी निचले इलाकों में बाढ़ की रोकथाम
✓ D. जलविद्युत शक्ति का उत्पादन

**Q.4** 8 Ω प्रतिरोध में प्रति सेकंड 200 J ऊष्मा उत्पन्न होती है। प्रतिरोधक के सिरों के बीच विभवांतर क्या है?

**Ans**
✓ A. 40 V
✗ B. 50 V
✗ C. 20 V
✗ D. 30 V

**Q.5** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, किसी पदार्थ की क्षारकीय प्रकृति के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
✓ A. $OH^-$
✗ B. $Cl^-$
✗ C. $Na^+$
✗ D. $H^+$

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सी, एकल व्यष्टि जीव (solitary individual organism) द्वारा जनन की विधि नहीं है?

**Ans**
- ✔ A. लैंगिक जनन (Sexual reproduction)
- ✗ B. खंडन (Fragmentation)
- ✗ C. पुनर्जनन (Regeneration)
- ✗ D. विखंडन (Fission)

**Q.7** उच्च-पिचऔर निम्न-पिच ध्वनि में क्रमशः ___________ होता है।

**Ans**
- ✗ A. उच्च आयाम और कम आवृत्ति
- ✔ B. उच्च आवृत्ति और निम्न आवृत्ति
- ✗ C. निम्न आवृत्ति और उच्च आवृत्ति
- ✗ D. निम्न आयाम और उच्च आवृत्ति

**Q.8** आमाशय और आँतों जैसे आंतरिक अंगों की भित्तियों में किस प्रकार की पेशी होती है?

**Ans**
- ✗ A. ऐच्छिक पेशी (Voluntary muscle)
- ✔ B. चिकनी पेशी (Smooth muscle)
- ✗ C. रेखित पेशी (Striated muscle)
- ✗ D. कंकाल पेशी (Skeletal muscle)

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य, अपरा द्वारा नहीं किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. भ्रूणीय रक्त से कार्बन डाइऑक्साइड और अपशिष्ट को हटाना
- ✗ B. सगर्भता को सहारा देने वाले हार्मोन का उत्पादन करना
- ✗ C. मां से भ्रूण तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों का संचार करना
- ✔ D. प्रसव शुरू करने के लिए ऑक्सीटोसिन का स्राव करना

**Q.10** ग्रेफाइट में, प्रत्येक कार्बन परमाणु एक ही तल में तीन अन्य कार्बन परमाणुओं से आबंधित होता है, जिससे एक _______ व्यूह बनता है।

**Ans**
- ✗ A. पंचभुजीय
- ✗ B. द्विसमलंबाक्ष
- ✗ C. वर्ग पिरैमिडी
- ✔ D. षटकोणीय

**Q.11** पादपों में जीवन प्रक्रियाओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ A. ऊर्जा के पर्यावरणीय स्रोत एक समान हैं।
- ✔ B. पर्यावरण पादपों पर आधारित नहीं होता है।
- ✗ C. पर्यावरण कुछ ही पादपों पर आधारित होता है।
- ✗ D. पर्यावरण अधिकांशतः पादपों पर आधारित होता है।

**Q.12** निम्नलिखित में से किनकी खेती मोती बनाने के लिए की जाती है?

**Ans**
- ✗ A. सारडीन (Sardines)
- ✔ B. सीपियाँ (Oysters)
- ✗ C. पोम्फ्रेट (Pomfrets)
- ✗ D. झींगे (Prawns)

**Q.13** एकसमान वेग के वेग-समय ग्राफ के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✗ A. वक्र के अधीन क्षेत्रफल = गति, विस्थापन नहीं
- ✔ B. ढलान = त्वरण = 0
- ✗ C. ढलान = त्वरण ≠ 0
- ✗ D. ग्राफ एक वक्र है

**Q.14** वृषण (Testes), उदर गुहिका के भीतर होने के स्थान पर बाह्य रूप से क्यों स्थित होते हैं?

**Ans**
- ✗ A. शुक्राणु परिवहन को सुगम बनाने के लिए
- ✗ B. मूत्र और शुक्राणुओं के लिए एक सामान्य मार्ग बनाने के लिए
- ✗ C. टेस्टोस्टेरॉन उत्पादन को विनियमित करने के लिए
- ✓ D. शुक्राणु निर्माण के लिए निम्न ताप बनाए रखने के लिए

**Q.15** 0.02 $m^2$ क्षेत्रफल वाले जूते पहने एक व्यक्ति ज़मीन पर खड़ा है। यदि व्यक्ति का वज़न 600 N है, तो ज़मीन पर दाब _________ है।

**Ans**
- ✗ A. 600 $N/m^2$
- ✗ B. 1200 $N/m^2$
- ✓ C. 30,000 $N/m^2$
- ✗ D. 12,000 $N/m^2$

**Q.16** घरेलू विद्युत परिपथ में,फ्यूज (FUSE) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans**
- ✗ A. वोल्टता कम करना
- ✓ B. ओवरलोडिंग रोकना और उपकरणों की सुरक्षा करना
- ✗ C. बिजली का भंडारण करना
- ✗ D. धारा में वृद्धि करना

**Q.17** हड्डी को मुख्यतः संयोजी ऊतक के रूप में वर्गीकृत किया जाता है क्योंकि _______________।

**Ans**
- ✗ A. इसमें किसी भी मैट्रिक्स पदार्थ का अभाव होता है
- ✓ B. इसमें खनिजयुक्त बाह्यकोशिकीय मैट्रिक्स में फैली हुई कोशिकाएं होती हैं
- ✗ C. इसमें ऑक्सीजन का परिवहन होता है
- ✗ D. यह तंत्रिका आवेग उत्पन्न करता है

**Q.18** चिह्न परिपाटी के अनुसार, दर्पण द्वारा निर्मित सीधे प्रतिबिंब की ऊंचाई ............... रूप से ली जाती है।

**Ans**
- ✗ A. ऋणात्मक
- ✗ B. शून्य
- ✓ C. धनात्मक
- ✗ D. काल्पनिक

**Q.19** एक स्ट्रॉ को जल से भरे गिलास में रखने पर वह मुड़ी हुई दिखाई देती है, के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कथन 1: आपतित किरण, अपवर्तित किरण और अभिलंब एक ही तल में होते हैं।
कथन 2: आपतन कोण की ज्या और अपवर्तन कोण की ज्या का अनुपात नियत होता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल कथन 2
- ✗ B. न तो कथन 1 और न ही 2
- ✗ C. केवल कथन 1
- ✓ D. कथन 1 और 2 दोनों

**Q.20** ब्यूटेन ($C_4H_{10}$) दो अलग-अलग रूपों में पाया जाता है: एक सीधी श्रृंखला वाला और दूसरा शाखित श्रृंखला वाला। इस परिघटना को क्या कहते हैं?

**Ans**
- ✗ A. श्रृंखलन
- ✗ B. बहुलकीकरण
- ✓ C. समावयवता
- ✗ D. ऊर्ध्वपातन

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक संक्षारण के लिए उत्तरदायी नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. वायु
- ✗ B. अम्ल
- ✗ C. जल
- ✓ D. मिश्रधातु

**Q.22** मैग्नीशियम क्लोराइड का रासायनिक सूत्र क्या है?

**Ans**
- ✗ A. $MgCl_3$
- ✓ B. MgCl2
- ✗ C. $Mg_2Cl$
- ✗ D. MgCl

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा लवण, जल में घुलने पर pH मान 7 से अधिक वाला विलयन बनाएगा?

**Ans**
- ✓ A. सोडियम एसीटेट
- ✗ B. कॉपर सल्फेट
- ✗ C. अमोनियम क्लोराइड
- ✗ D. सोडियम क्लोराइड

**Q.24** एक गिलास को कार्ड से ढक दिया जाता है तथा कार्ड पर एक सिक्का रखा जाता है। जब कार्ड को अंगुली से तीव्रता से झटका दिया जाता है, तो सिक्का गिलास में सीधा गिर जाता है। यह स्थिति क्या दर्शाती है?

**Ans**
- ✓ A. जब कार्ड आगे खिसक जाता है, तो जड़त्व के कारण सिक्का विराम में रहता है।
- ✗ B. सिक्का और कार्ड दोनों जड़त्व के कारण आगे खिसक जाते हैं।
- ✗ C. सिक्का इसलिए खिसक जाता है क्योंकि कार्ड उसे धकेलता है।
- ✗ D. झटका प्रत्यक्ष रूप से सिक्के पर बल प्रयुक्त करता है।

**Q.25** यदि कोई व्यक्ति t समय में W कार्य करता है, तो शक्ति की गणना कैसे की जाएगी?

**Ans**
- ✓ A. शक्ति = कार्य ÷ समय
- ✗ B. शक्ति = समय ÷ कार्य
- ✗ C. शक्ति = कार्य + समय
- ✗ D. शक्ति = कार्य × समय

## Section : **Mathematics**

**Q.26** प्रेक्षणों 16, 85, 98, 12, 69, 95, 21, 45 और 54 का समांतर माध्य कितना है।

**Ans**
- ✗ A. 48
- ✗ B. 63
- ✗ C. 62
- ✓ D. 55

**Q.27** एक पाइप एक टैंक को 7 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 56 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाए, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में कितने मिनट लगेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 4
- ✓ C. 2
- ✗ D. 8

**Q.28** यदि 5x + 2 = 62 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 20
- ✓ B. 12
- ✗ C. 15
- ✗ D. 10

**Q.29** 386 से 395 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✓ B. 1
- ✗ C. 0
- ✗ D. 2

**Q.30** एक दुकानदार किसी वस्तु को ₹120 में बेचकर x% लाभ कमाता है। यदि वह वस्तु, पहले की कीमत से ₹20 अधिक पर बेची जाए, तो लाभ का प्रतिशत 2x% होगा। x का मान _____ है।

**Ans**
- ✗ A. 40
- ✗ B. 30
- ✓ C. 20
- ✗ D. 15

**Q.31** 6 cm त्रिज्या वाले एक गोलाकार चॉकलेट ट्रफल के केंद्र में एक गोल खोखली गुहा है। यदि प्रयुक्त चॉकलेट का आयतन ठीक $800\pi/3$ $cm^3$ है, तो खोखली गुहा की त्रिज्या (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 2.52 cm
- ✗ B. 2.44 cm
- ✗ C. 2.26 cm
- ✗ D. 2.18 cm

**Q.32** एक चुनाव में, उम्मीदवार A को कुल वैध मतों के 60% मत प्राप्त हुए, जबकि उम्मीदवार B को शेष मत प्राप्त हुए। यदि वैध मतों की कुल संख्या 18,600 थी, तो दोनों उम्मीदवारों को प्राप्त मतों की संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 2,750
- ✓ B. 3,720
- ✗ C. 3,550
- ✗ D. 2,520

**Q.33** एक अलमारी का अंकित मूल्य ₹821 है, जो क्रय मूल्य से 39% अधिक है। यदि लाभ प्रतिशत 2% है, तो छूट प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 23.62%
- ✓ B. 26.62%
- ✗ C. 28.03%
- ✗ D. 26%

**Q.34** एक कार की चाल प्रत्येक घंटे 20% कम हो जाती है। यदि वह एक निश्चित दूरी 4 घंटे में तय करती है, तो उसे अपनी मूल चाल से समान दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 3.942 घंटे
- ✗ B. 3.952 घंटे
- ✗ C. 2.942 घंटे
- ✓ D. 2.952 घंटे

Q.35 यदि दिए गए आंकड़ों की माध्यिका 143 + X है, तो X ज्ञात कीजिए (अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)।

| उंचाई cm में | लड़कों की संख्या |
|---|---|
| 140 से नीचे | 4 |
| 140 – 145 | 7 |
| 145 – 150 | 18 |
| 150 – 155 | 11 |
| 155 - 160 | 6 |
| 160 - 700 | 5 |

Ans
✔ A. 6.03
✗ B. 8.15
✗ C. 9.23
✗ D. 7.05

Q.36 ₹5,700 की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों का मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹7,505
✔ B. ₹6,897
✗ C. ₹7,798
✗ D. ₹6,629

Q.37 यदि 8,763 m लंबी ट्रेन, एक खंभे को 127 सेकंड में पार करती है, तो 552 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में ट्रेन द्वारा लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 145
✗ B. 132
✗ C. 144
✔ D. 135

Q.38 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 32.5° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 6 : 7 है, तो ∠Q और ∠P के मापों में कितना अंतर है?

Ans
✔ A. 5°
✗ B. 4°
✗ C. 1°
✗ D. 9°

Q.39 यदि किसी संख्या के 20% को 72 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होगी। उसी संख्या का 75% कितना है?

Ans
✗ A. 87.5
✗ B. 77.5
✗ C. 97.5
✔ D. 67.5

Q.40 18 आदमी 65 फीट गहरा कुआं 4 दिन में खोद सकते हैं। कितने आदमी 130 फीट गहरा कुआं 6 दिन में खोद सकते हैं?

Ans
✗ A. 26
✔ B. 24
✗ C. 27
✗ D. 22

**Q.41** प्रखर और रिया ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹10,500 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹9,000 के कुल लाभ में से प्रखर का हिस्सा ₹1,200 था। प्रखर का निवेश कितना था?

**Ans**

- ✔ A. ₹1,400
- ✘ B. ₹1,645
- ✘ C. ₹1,635
- ✘ D. ₹2,780

**Q.42** पिता की वर्तमान आयु अपने पुत्र की आयु की तीन गुनी है। आज से दस वर्ष पहले, पिता की आयु पुत्र की आयु की पांच गुनी थी। आज से दस वर्ष बाद उनकी आयु का योगफल कितना होगा?

**Ans**

- ✘ A. 120 वर्ष
- ✔ B. 100 वर्ष
- ✘ C. 80 वर्ष
- ✘ D. 90 वर्ष

**Q.43** 100 आदमियों के लिए 12 हफ़्तों के राशन की व्यवस्था है। जब 50 और आदमी उनके साथ जुड़ जाते हैं, तब यह राशन कितने हफ़्तों तक चलेगा?

**Ans**

- ✔ A. 8
- ✘ B. 10
- ✘ C. 6
- ✘ D. 12

**Q.44** दिया गया है कि 9 और Q का तृतीयानुपाती R है। यदि Q प्रथम तीन विषम प्राकृत संख्याओं का योगफल है, तो R का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✘ A. 10
- ✘ B. 11
- ✘ C. 7
- ✔ D. 9

**Q.45** एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल 176 $m^2$ है और इसके विकर्ण की लंबाई 18 m है। इस मैदान का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✘ A. 48 m
- ✔ B. 52 m
- ✘ C. 60 m
- ✘ D. 61 m

**Q.46** यदि $9^k + 3^{(2k-1)} = \frac{2}{3}\left[5^{\left(k+\frac{1}{2}\right)} + 5^{\left(k-\frac{1}{2}\right)}\right]$ है, तो k किसके बराबर है?

**Ans**

- ✘ A. $\frac{3}{2}$
- ✘ B. $1$
- ✘ C. $\frac{5}{2}$
- ✔ D. $\frac{1}{2}$

**Q.47** दो पूरक कोणों के मापों में 22° का अंतर है। बड़े कोण का माप ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✘ A. 52°
- ✘ B. 50°
- ✔ C. 56°
- ✘ D. 65°

**Q.48** $\frac{1}{20}$, $\frac{10}{80}$ का कितना प्रतिशत है?

**Ans**

- ✗ A. 80%
- ✓ B. 40%
- ✗ C. 50%
- ✗ D. 55%

**Q.49** समतल भूमि पर स्थित बिंदु P से, शीर्ष मीनार का उन्नयन कोण 30° है। यदि मीनार 100 m ऊँची है, तो मीनार के पाद से बिंदु P की दूरी ज्ञात कीजिए।

($\sqrt{3} = 1.73$ लें)

**Ans**

- ✗ A. 170 m
- ✗ B. 175 m
- ✓ C. 173 m
- ✗ D. 178 m

**Q.50** किसी वस्तु को 50% छूट पर बेचने के बाद, प्राप्त लाभ प्रतिशत 30% है। उस वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत बढ़ाकर अंकित किया गया?

**Ans**

- ✗ A. 162%
- ✓ B. 160%
- ✗ C. 166%
- ✗ D. 158%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई गुड़िया, अंगूठी नहीं है।
कोई अंगूठी, लैंप नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) सभी गुड़िया, लैंप हैं।
(II) कोई लैंप, गुड़िया नहीं
है।

**Ans**

- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.52** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएँ से गिनने पर, D और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, G के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। E, G के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। E, D के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C का निकटतम पड़ोसी है। G के बाएँ से गिनने पर, B और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**

- ✓ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 3

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'star city lemon' को 'fq vn ln' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'zip lid star' को 'vn iu km' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'star' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
| Ans | ✗ A. fq<br>✗ B. ln<br>✓ C. vn<br>✗ D. iu |

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | A, B, C, D, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>W और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में X बैठा है।<br>C और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. तीन<br>✓ B. दो<br>✗ C. एक<br>✗ D. चार |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>YCE−FJL<br>LPR−SWY |
| Ans | ✗ A. TWX−AEG<br>✓ B. TXZ−AEG<br>✗ C. TWX−ZDF<br>✗ D. TXZ−ZEF |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br>ACNE - CANE - ENCA<br>INCH - NICH - HCNI |
| Ans | ✗ A. QUAD - QAUD - DAUQ<br>✓ B. LADY - ALDY - YDAL<br>✗ C. RAKE - ARKE - AKER<br>✗ D. GIRL - IGRL - LIRG |

| | | |
|---|---|---|
| Q.57 | यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>20 – 6 ÷ 4 + 60 x 15 = ? |
| Ans | ✓ A. 120<br>✗ B. 126<br>✗ C. 123<br>✗ D. 118 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.58 | सक्षम बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 71 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 48 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 81 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 89 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 10 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हों।) |
| Ans | ✓ A. उत्तर में 41 km<br>✗ B. उत्तर में 40 km<br>✗ C. उत्तर में 44 km<br>✗ D. दक्षिण में 42 km |

Q.59 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)

(बाएं) % & € 5 % 3 7 @ % % % 1 * % 2 7 5 @ 6 7 1 1 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 4
- ✓ C. 2
- ✗ D. 3

Q.60 विनय बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 10 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 14 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम में 3 km
- ✓ B. पश्चिम में 4 km
- ✗ C. पूर्व में 4 km
- ✗ D. पूर्व में 3 km

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. LI-EJ
- ✗ B. OL-HM
- ✓ C. IF-BH
- ✗ D. RO-KP

Q.62 सात बॉक्स, M, N, O, P, Q, R, और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। O के ऊपर केवल P को रखा गया है। O और R के बीच केवल Q को रखा गया है। S के नीचे केवल N को रखा गया है।
M और N के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. चार

Q.63 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 − 33 × 44 ÷ 24 + 39 = ?

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 5
- ✗ C. 6
- ✗ D. 2

Q.64 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

304 313 320 325 ? 329

Ans
- ✓ A. 328
- ✗ B. 327
- ✗ C. 326
- ✗ D. 325

Q.65 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 426 125 357 489 627 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं किए जाएं।

यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितनी संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.66 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।
(बाएं) 7 2 7 5 9 6 4 6 6 6 5 6 9 6 1 1 2 2 7 5 3 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. 1
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.67 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

821 823 827 833 841 ?

Ans
- ✓ A. 851
- ✗ B. 848
- ✗ C. 853
- ✗ D. 856

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
SGN 5 RFM 7 QEL 9 PDK 11 ?

Ans
- ✗ A. OEL 13
- ✓ B. OCJ 13
- ✗ C. QEL 12
- ✗ D. RCJ 12

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. MSO
- ✗ B. PVR
- ✗ C. DJF
- ✓ D. BHE

Q.70 A, B, C, D, W, X और Y उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।
C के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

| | | |
|---|---|---|
| Q.71 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ पतंग, गुब्बारे हैं।<br>कोई गुब्बारा, विमान नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ पतंगें, विमान हैं।<br>(II): कुछ गुब्बारे, पतंग हैं। | |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है<br>✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं<br>✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है<br>✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है | |
| Q.72 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'FOUR' को '5812' के रूप में और 'ROUT' को '5628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या होगा? | |
| Ans | ✓ A. 6<br>✗ B. 2<br>✗ C. 8<br>✗ D. 5 | |
| Q.73 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'L ÷ M + N - O × P' है तो L का P से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✗ A. माता की बहन<br>✓ B. माता की माता<br>✗ C. पिता की माता<br>✗ D. पिता की बहन | |
| Q.74 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)<br><br>(बाएं) 1 4 6 7 3 8 5 3 2 1 5 9 6 6 6 6 8 7 1 6 6 3 1 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद में भी एक विषम अंक है? | |
| Ans | ✓ A. एक<br>✗ B. तीन<br>✗ C. तीन से अधिक<br>✗ D. दो | |
| Q.75 | संख्या 54761829 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे तथा दाएं से दूसरे अंक का गुणनफल कितना होगा? | |
| Ans | ✗ A. 16<br>✗ B. 28<br>✓ C. 14<br>✗ D. 18 | |

**Q.76** सहाना अपनी कक्षा में, ऊपर से चौथे और नीचे से अठारहवें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 25
- ✓ B. 21
- ✗ C. 23
- ✗ D. 16

**Q.77** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**11, 23, 47, 83, 131, ?**

**Ans**
- ✗ A. 193
- ✗ B. 190
- ✓ C. 191
- ✗ D. 192

**Q.78** MR 8 एक निश्चित तरीके से RU −10 से संबंधित है। इसी प्रकार IB 12, NE −6 से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, US 1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. BH −12
- ✗ B. MJ −19
- ✓ C. ZV −17
- ✗ D. HU −11

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
**VMQ TKO RIM PGK ?**

**Ans**
- ✗ A. NEJ
- ✓ B. NEI
- ✗ C. NFJ
- ✗ D. NFI

**Q.80** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(6, 21, 15)**
**(47, 2197, 12)**

**Ans**
- ✗ A. (35, 1215, 9)
- ✗ B. (34, 1130, 25)
- ✓ C. (30, 887, 13)
- ✗ D. (26, 663, 12)

## Section : General Awareness and Current Affairs

**Q.81** निम्नलिखित में से किसे 2025 लॉरियस अवार्ड्स में कमबैक ऑफ द ईयर (Comeback of the Year) पुरस्कार दिया गया?

**Ans**
- ✗ A. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)
- ✓ B. रेबेका एंड्रेड (Rebeca Andrade)
- ✗ C. राफेल नडाल (Rafael Nadal)
- ✗ D. टॉम पिडकॉक (Tom Pidcock)

Q.82 पुणे स्थित किस DRDO प्रयोगशाला ने 6.8×43 mm असॉल्ट राइफल प्रोटोटाइप विकसित किया?

Ans
- ✗ A. आयुध अन्वेषण और नवाचार प्रतिष्ठान (AEIE)
- ✓ B. आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (ARDE)
- ✗ C. आयुध विकास प्रतिष्ठान (ADE)
- ✗ D. आयुध अनुसंधान प्रतिष्ठान (ARE)

Q.83 निम्नलिखित में से किसे भारत का 58वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया?

Ans
- ✗ A. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ C. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ D. माधव राष्ट्रीय उद्यान

Q.84 फरवरी 2025 में दिया जाने वाला वैश्विक शिक्षक पुरस्कार निम्नलिखित में से किसने जीता?

Ans
- ✗ A. अस्मा मुस्तफा (Asma Mustafa)
- ✗ B. सिस्टर ज़ेफ़ (Sister Zeph)
- ✗ C. रणजीतसिंह दिसाले (Ranjitsinh Disale)
- ✓ D. मंसूर अल मंसूर (Mansour Al Mansour)

Q.85 जनवरी 2025 में प्रकाशित वाइल्ड फिक्शन्स: एसे (Wild Fictions: Essays) किसके द्वारा लिखा गया है?

Ans
- ✓ A. अमिताव घोष
- ✗ B. निधि राजदान
- ✗ C. गौतम भाटिया
- ✗ D. शांतनु भट्टाचार्य

Q.86 भारत और मंगोलिया के बीच 2025 में नोमैडिक एलिफेंट (Nomadic Elephant) रक्षा संयुक्त सैन्य अभ्यास का 17वां संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. राजस्थान, भारत (Rajasthan, India)
- ✗ B. नई दिल्ली, भारत (New Delhi, India)
- ✓ C. उलानबटार, मंगोलिया (Ulaanbaatar, Mongolia)
- ✗ D. खारखोरिन, मंगोलिया (Kharkhorin, Mongolia)

Q.87 जून 2025 में, निम्नलिखित में से किस देश ने संयुक्त राष्ट्र वर्चुअल वर्ल्ड्स डे 2025 (UN Virtual Worlds Day 2025) के आयोजन की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. ब्राजील
- ✗ B. जर्मनी
- ✓ C. इटली
- ✗ D. फ्रांस

Q.88 निम्नलिखित में से किस बैंक ने जून 2025 में वित्त वर्ष 25 के लिए भारत सरकार को रिकॉर्ड ₹8,076.84 करोड़ का लाभांश दिया?

Ans
- ✗ A. बैंक ऑफ इंडिया
- ✗ B. बैंक ऑफ बड़ौदा
- ✗ C. इंडियन बैंक
- ✓ D. भारतीय स्टेट बैंक

**Q.89** जुलाई 2025 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एकीकृत बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली निम्नलिखित में से कौन सी है जो बाढ़-जलप्लावन मानचित्र और जल-स्तर की भविष्यवाणियों के रूप में ग्राम स्तर तक दो दिन पहले बाढ़ पूर्वानुमान प्रदान करती है?

**Ans**
- ✗ A. यूनिफाइड फ्लड विज़न (Unified Flood Vision)
- ✓ B. C-फ्लड (C-FLOOD)
- ✗ C. फ्लड्सेंस एडवांस (FloodSense Advance)
- ✗ D. विलेज फ्लड राडार (Village Flood Radar)

**Q.90** सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली (Military Combat Parachute System), जिसने अक्टूबर 2025 में 32,000 फीट से सफलतापूर्वक लड़ाकू फ्रीफॉल जंप किया था, ______ द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित की गई थी।

**Ans**
- ✗ A. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)
- ✗ B. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)
- ✓ C. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)
- ✗ D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

**Q.91** जुलाई 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

**Ans**
- ✗ A. बी.वी.आर. सुब्रमण्यम
- ✓ B. अजय सेठ
- ✗ C. अमिताभ कांत
- ✗ D. सुमन बेरी

**Q.92** निम्नलिखित में से किस बैंक ने, जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 10-वर्षीय USD-मूल्यवर्गित बॉन्ड (USD-denominated bond) के माध्यम से $1 बिलियन जुटाए?

**Ans**
- ✗ A. इंडियन ओवरसीज बैंक
- ✓ B. भारतीय एक्ज़िम बैंक
- ✗ C. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✗ D. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक

**Q.93** राष्ट्रीय फुटबॉल में योगदान हेतु 2025 में रॉयल नाइटहुड (royal knighthood) किस कोच को प्राप्त हुआ?

**Ans**
- ✗ A. जोस मोरिन्हो (José Mourinho)
- ✗ B. पेप गार्डियोला (Pep Guardiola)
- ✗ C. रॉबर्टो मार्टिनेज (Roberto Martinez)
- ✓ D. गैरेथ साउथगेट (Gareth Southgate)

**Q.94** नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण में कौन सा अभूतपूर्व नवाचार, जो तरल इलेक्ट्रोलाइट को ठोस इलेक्ट्रोलाइट से प्रतिस्थापित करता है, 2025 में घोषित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. ठोस अवस्था सोडियम-आयन बैटरी (Solid-state sodium-ion battery)
- ✗ B. ग्राफीन-सुपरकैपेसिटर हाइब्रिड (Graphene-supercapacitor hybrid)
- ✗ C. लिथियम-सिलिकॉन लचीली बैटरी (Lithium-silicon flexible battery)
- ✗ D. हाइड्रोजन संलयन बैटरी (Hydrogen fusion battery)

**Q.95** सितंबर 2025 में, दक्षिण पश्चिम रेलवे (SWR) ने बताया कि उसके रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने किस पहल के तहत दो लाख से अधिक महिला यात्रियों तक पहुंच बनाई है, जिसका उद्देश्य अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करना है?

**Ans**
- ✓ A. ऑपरेशन मेरी सहेली (Operation Meri Saheli)
- ✗ B. महिला सुरक्षा दूत कार्यक्रम (Mahila Suraksha Doot Program)
- ✗ C. सेफ सिटी प्रोजेक्ट (Safe City Project)
- ✗ D. मिशन शक्ति (Mission Shakti)

**Q.96** जुलाई 2025 में, कविंदर गुप्ता, जिन्होंने जम्मू और कश्मीर के उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया, ने ______ के उपराज्यपाल का पद ग्रहण किया।

**Ans**
- ✔ A. लद्दाख
- ✘ B. सिक्किम
- ✘ C. हिमाचल प्रदेश
- ✘ D. अरुणाचल प्रदेश

**Q.97** 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 3000-m स्टीपलचेज़ में पारुल चौधरी का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय क्या था?

**Ans**
- ✘ A. 9:13.39
- ✘ B. 9:30.45
- ✔ C. 9:12.46
- ✘ D. 8:55.50

**Q.98** गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन (DM) प्रभाग के अनंतिम अनुमान के अनुसार 2024-25 में प्राकृतिक आपदाओं के कारण कितने लोगों की मृत्यु हुई?

**Ans**
- ✘ A. 6900
- ✔ B. 3080
- ✘ C. 4330
- ✘ D. 1500

**Q.99** दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप _______ 2025 में आयोजित की गई थी।

**Ans**
- ✘ A. जून
- ✔ B. मई
- ✘ C. अप्रैल
- ✘ D. मार्च

**Q.100** जुलाई 2025 में, किस केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 पेश किया?

**Ans**
- ✘ A. किरण रिजिजू
- ✘ B. अनुराग ठाकुर
- ✘ C. राजनाथ सिंह
- ✔ D. मन्सुख मंडाविया

"